तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	रघुनाथ सिंह **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353296440455262	

25/07/25

अपीलार्थी रघुनाथ सिंह निवासी भाटी स्कूल के सामने, शिकारपुरा रोड सालावास, लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 12.05.2025 को दिनांक 31.01.2025 को भारतीय डाक सेवा (Registered Letter) द्वारा पत्र भेजा गया जिसका Consignment Number RR355609324IN है,–की गई कार्यवाही के सन्दर्भ में संपूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रतिलिपि से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 635 दिनांक 24.06.2025 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में आवक शाखा कार्यालय हाजा ने दिनांक 04.06.2025 के द्वारा अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा दिनांक 31.01.2025 को भेजा गया पत्र आवक शाखा में दर्ज नही पाया गया, आवक शाखा की रिपोर्ट अनुसार कार्यालय के पत्र दिनांक 05.06.2025 के द्वारा अपीलार्थी को ऑनलाईन सूचित किया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अत. लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.25 13:25:44 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16784125